Need to provide houses to people living in reserve forest area in Aarey Colony and Dindoshi in Mumbai under Pradhan Mantri Awas Yojana.-laid

श्री रविंद्र दत्ताराम वायकर **(मुम्बई उत्तर-पश्चिम) :** मैं सरकार का ध्यान मुंबई के संरक्षित वन क्षेत्रों,विशेष रूप से आरे कॉलोनी और दिंडोशी के अप्पा पाडा जैसे इलाकों में रहने वाले नागरिकों की गंभीर मानवीय स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।ये परिवार कई पीढ़ियों से इन क्षेत्रों में रह रहे हैं,लेकिन आज भी वे पानी,बिजली,सड़क,स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं के बिना अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन जीने को मजबूर हैं । इन निवासियों की पुनर्वास प्रक्रिया जटिल और दीर्घकालिक है लेकिन जब तक यह पूरी नहीं होती,हम इन नागरिकों को उनके हाल पर नहीं छोड़ सकते ।एक सम्मानजनक जीवन जीना और बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करना उनका भी संवैधानिक अधिकार है ।सुविधाओं के अभाव में ये बस्तियां बीमारियों और सामाजिक समस्याओं का केंद्र बन गए है । प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि हर भारतीय के पास अपना घर और "घर के साथ सुविधा" भी हो ।मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि वह इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे और संरक्षित वन क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना(PMAY)के तहत एक विशेष योजना बनाई जाए ।इस योजना के माध्यम से उन्हें स्थायी आवास प्रदान किया जाए और उसके पहले उन्हें पानी,बिजली,शौचालय,सड़क और स्वास्थ्य केंद्र जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हों ।